This Question Paper consists of 32 questions [Section–A (22) + Section–B (5+5)] and 24 printed pages.

इस प्रश्न-पत्र में 32 प्रश्न [खण्ड–अ (22) + खण्ड–ब (5+5)] तथा 24 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. अनुक्रमांक | | | | | | | | | | | |

Code No. कोड नं० **56 / HIS / 2**

Set/सेट **A**

ACCOUNTANCY

लेखांकन

(Principles and Practice of Financial Accounting)

(वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार)

(320)

Day and Date of Examination .....

(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. .....

(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. .....

***General Instructions* :**

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
4. Write your Question Paper Code No. 56/HIS/2, Set A on the Answer-Book.
5. (a) The Question Paper is in English/Hindi medium only. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

   English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

   You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.

सामान्य अनुदेश :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

4. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र की कोड नं० 56/HIS/2, सेट [A] लिखें।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

ACCOUNTANCY

लेखांकन

(Principles and Practice of Financial Accounting)

(वित्तीय लेखांकन के सिद्धान्त एवं व्यवहार)

(320)

Time : 3 Hours] [Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 100

Note : (i) This Question Paper has *two* Sections—Section 'A' and Section 'B'.

(ii) Attempt *all* questions of Section 'A'. Section 'B' has *two* options. Candidates are required to attempt questions from *one option* only.

(iii) Each question from Question Nos. **1** to **9** has four alternatives—(A), (B), (C) and (D), out of which one is most appropriate. Choose the correct answer among the four alternatives and write it in your answer-book against the number of the question. No extra time is allotted for attempting multiple-choice questions.

निर्देश : (i) इस प्रश्न-पत्र में **दो** खण्ड हैं—खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'।

(ii) खण्ड 'अ' के **सभी** प्रश्नों को हल करना है। खण्ड 'ब' में **दो** विकल्प हैं। परीक्षार्थियों को केवल **एक विकल्प** के ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

(iii) प्रश्न संख्या **1** से **9** तक के प्रत्येक प्रश्न में चार विकल्प—(A), (B), (C) तथा (D) हैं, जिनमें से एक उपयुक्त है। चारों विकल्पों में से सही उत्तर चुनें तथा अपनी उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न संख्या के सामने उत्तर लिखें। बहु-विकल्पी प्रश्नों के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

SECTION–A

खण्ड–अ

1. When the total of the credit side of Trading A/c exceeds the total of its debit side, it is called

(A) Net Profit

(B) Net Loss

(C) Gross Profit

(D) Gross Loss 1

व्यापार खाते के जमा पक्ष का योग जब इसके नाम पक्ष के योग से अधिक होता है, तो यह कहलाता है

(A) शुद्धलाभ

(B) शुद्धहानि

(C) सकल लाभ

(D) सकल हानि

2. Reeta withdrew ₹ 1,000 from business for personal use at the beginning of every month during the year 2017–18. The interest on drawings @ 12% will be

(A) ₹ 870 (B) ₹ 780

(C) ₹ 720 (D) ₹ 1,440 1

वर्ष 2017–18 के दौरान रीटा ने प्रतिमाह के आरम्भ में व्यक्तिगत उपयोग के लिए ₹ 1,000 का आहरण व्यवसाय से किया। 12% की दर से आहरण पर ब्याज होगा

(A) ₹ 870 (B) ₹ 780

(C) ₹ 720 (D) ₹ 1,440

3. In the absence of partnership deed, partners will share profits

(A) in the ratio of their capitals

(B) in the ratio as decided by court

(C) in equal ratio

(D) in the ratio as settled by arbitrators 1

साझेदार संलेख के न होने की दशा में साझेदार लाभ का बँटवारा करेंगे

(A) उनके पूँजी-अनुपात में

(B) कोर्ट द्वारा निर्धारित अनुपात में

(C) समान अनुपात में

(D) पंचों द्वारा निर्धारित अनुपात में

4. In the absence of partnership deed, the interest on partners' wives' loan is provided at the rate of

(A) 6% (B) 10%

(C) As agreed by the partners (D) No interest will be provided 1

साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदारों की पत्नियों के ऋण पर ब्याज निम्न दर से प्रदान किया जाता है :

(A) 6%
(B) 10%
(C) साझेदारों द्वारा निर्धारित दर से
(D) कोई ब्याज नहीं दिया जाता

5. *A* and *B* are the partners sharing profits in the ratio of 3 : 2. *C* is admitted as a new partner for $\frac{1}{5}$th share in profits which *C* acquires from *A*. The new profit-sharing ratio will be

(A) 3 : 2 : 1
(B) 3 : 1 : 2
(C) 2 : 2 : 1
(D) 4 : 3 : 2 1

A और *B* साझेदार हैं और लाभ का बँटवारा 3 : 2 के अनुपात में करते हैं। *C* को लाभ में $\frac{1}{5}$ भाग के लिए प्रवेश दिया गया जिसे उसने *A* से लिया। नया लाभ-अनुपात होगा

(A) 3 : 2 : 1
(B) 3 : 1 : 2
(C) 2 : 2 : 1
(D) 4 : 3 : 2

6. The liability of the shareholders of a company is

(A) limited to the paid-up value of their shares
(B) limited to the called-up value of their shares
(C) limited to the face value of their shares
(D) unlimited 1

कम्पनी के अंशधारकों का दायित्व

(A) सीमित होता है, उनके अंशों के प्रदत्त मूल्य तक
(B) सीमित होता है, उनके अंशों के याचित मूल्य तक
(C) सीमित होता है, उनके अंशों के अंकित मूल्य तक
(D) असीमित होता है

7. The minimum paid-up capital of a public company is

(A) ₹ 1 lakh
(B) ₹ 5 lakhs
(C) ₹ 10 lakhs
(D) ₹ 50 lakhs 1

एक सार्वजनिक कम्पनी की न्यूनतम प्रदत्त पूँजी होती है

(A) ₹ 1 लाख
(B) ₹ 5 लाख
(C) ₹ 10 लाख
(D) ₹ 50 लाख

8. When 500, 9% debentures of ₹ 100 each are issued at a premium of ₹ 10 per debenture, redeemable at ₹ 120 each, 9% Debenture Account will be credited by

(A) ₹ 45,000 (B) ₹ 50,000

(C) ₹ 60,000 (D) ₹ 65,000 1

जब ₹ 100 प्रति के 500, 9% ऋणपत्र ₹ 10 प्रीमियम पर जारी किए जाते हैं, जिनका शोधन ₹ 120 प्रति ऋणपत्र किया जाना है, तो 9% ऋणपत्र खाते के जमा में लिखेंगे :

(A) ₹ 45,000 (B) ₹ 50,000

(C) ₹ 60,000 (D) ₹ 65,000

9. A holding company is a company which controls another company by

(A) acquiring 50% of its equity shares

(B) acquiring more than 50% of its equity shares

(C) incorporating its office outside India

(D) incorporating its office at any place in India 1

एक धारक कम्पनी वह कम्पनी है, जो अन्य किसी कम्पनी पर नियन्त्रण रखती है

(A) उसके 50% समता अंशों का अधिग्रहण करके

(B) उसके 50% से अधिक समता अंशों का अधिग्रहण करके

(C) इसका कार्यालय भारत के बाहर सम्मिलित करके

(D) इसका कार्यालय भारत में ही किसी स्थान पर सम्मिलित करके

10. What is a capital reserve? What purpose does the creation of such reserve serve? State. 3

पूँजीगत संचय का क्या अर्थ है? इस प्रकार के संचय के सृजन का क्या उपयोग है?

11. Arrange the following assets in liquidity order : 3

(a) Closing Stock

(b) Investments

(c) Cash in Hand

(d) Debtors

(e) Furniture

(f) Bills Receivable

निम्न परिसम्पत्तियाँ को तरलता क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(क) अन्तिम स्टॉक

(ख) विनियोग

(ग) हस्तस्थ रोकड़

(घ) देनदार

(ङ) फर्नीचर

(च) प्राप्य विपत्र

12. A firm earns on an average profit of ₹ 60,000, capital employed in the firm is ₹ 5,00,000, normal rate of return is 10%.

Calculate goodwill on the basis of 4 years purchase of super profits. 3

एक फर्म औसतन ₹ 60,000 का लाभ कमाती है। फर्म में ₹ 5,00,000 की पूँजी विनियोजित है। सामान्य प्रत्याय दर 10% है।

अधिलाभ के 4 वर्षों के क्रय पर ख्याति की गणना कीजिए।

13. A company purchased plant and machinery on 1st October, 2015 for ₹ 80,000. On 1st April, 2016, it purchased another machinery for ₹ 60,000. On 1st October, 2017, the company sold the machinery purchased on 1st October, 2015 for ₹ 40,000 and purchased another machinery for ₹ 50,000 on the same day. Depreciation was to be charged @ 20% p.a. on diminishing balance method.

Show the Plant & Machinery A/c for the years 2015–16, 2016–17 and 2017–18. The accounting year ends on 31st March. 5

1 अक्तूबर, 2015 को एक कम्पनी ने ₹ 80,000 का संयन्त्र एवं मशीनरी खरीदी। 1 अप्रैल, 2016 को इसने एक और मशीनरी ₹ 60,000 में खरीदी। 1 अक्तूबर, 2017 को कम्पनी ने 1 अक्तूबर, 2015 को खरीदी मशीनरी ₹ 40,000 में बेच दी तथा ₹ 50,000 में उसी दिन एक और मशीनरी खरीद ली। अवक्षयण 20% वार्षिक दर से क्रमागत शेष ह्रास विधि से लगाना है।

2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 वर्षों के लिए संयन्त्र एवं मशीनरी खाता बनाइए। लेखा वर्ष 31 मार्च को समाप्त होता है।

14. Following was the position of Gunakshi, a trader, as on 31st March, 2017 and 31st March, 2018 :

Particulars	*31.03.2017* ₹	*31.03.2018* ₹
Cash	20,000	24,000
Debtors	24,000	18,000
Stock	25,000	28,000
Furniture	16,000	16,000
Computers	40,000	40,000
Creditors	28,000	22,000

During the year 2017–18, she withdrew ₹ 24,000 for her household expenses and introduced ₹ 40,000 as capital. Write off depreciation on furniture @ 10% and on computers @ 5%.

Ascertain the profit earned by Gunakshi for the year ending 31st March, 2018. 5

31 मार्च, 2017 और 31 मार्च, 2018 को गुणाक्षी, जो एक व्यापारी है, की स्थिति निम्नलिखित थी :

विवरण	*31.03.2017* ₹	*31.03.2018* ₹
रोकड़	20,000	24,000
देनदार	24,000	18,000
स्टॉक	25,000	28,000
फर्नीचर	16,000	16,000
कम्प्यूटर	40,000	40,000
लेनदार	28,000	22,000

वर्ष 2017–18 के दौरान उसने ₹ 24,000 का आहरण अपने घर खर्च के लिए किया तथा ₹ 40,000 पूँजी के रूप में लगाए। फर्नीचर पर अपलिखित अवक्षयण @ 10% तथा कम्प्यूटर पर @ 5% है। 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए गुणाक्षी के द्वारा अर्जित लाभ का निर्धारण कीजिए।

15. Rajesh, Ramesh and Rakesh were partners in a firm sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Ramesh died on 1st October, 2017. Ascertain the amount payable to the legal representatives of Ramesh from the following information :

(i) As per Balance Sheet of the firm as on 31st March, 2017, capital of Ramesh was ₹ 40,000

(ii) There was a General Reserve of ₹ 30,000

(iii) Ramesh's share of profit up to the date of death was to be calculated on the basis of last year's profit which was ₹ 60,000

(iv) Goodwill of the firm was valued at ₹ 36,000

(v) Drawings of Ramesh till the date of his death amounted to ₹ 12,000

Prepare Ramesh's Capital A/c and pass necessary Journal Entry to transfer the amount so ascertained to his Executor's A/c. 5

राजेश, रमेश और राकेश एक फर्म में साझेदार थे और लाभ को 3 : 2 : 1 के अनुपात में बाँटते थे। रमेश की 1 अक्तूबर, 2017 को मृत्यु हो गई। निम्नलिखित सूचनाओं से रमेश के उत्तराधिकारियों को देय राशि का निर्धारण कीजिए :

(i) 31 मार्च, 2017 को फर्म के स्थिति-विवरण के अनुसार रमेश को पूँजी ₹ 40,000 थी

(ii) सामान्य संचय ₹ 30,000 था

(iii) रमेश की मृत्यु के समय तक के लाभ में उसके भाग की गणना फर्म के पिछले वर्ष के लाभ के आधार पर की जाएगी, जो ₹ 60,000 थी

(iv) फर्म की ख्याति मूल्यांकन ₹ 36,000 किया गया

(v) रमेश की मृत्यु तक की आहरण राशि ₹ 12,000 थी

रमेश का पूँजी खाता तैयार कीजिए तथा इस प्रकार से निर्धारित राशि को उसके उत्तराधिकारी के खाते में हस्तान्तरण की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टि कीजिए।

16. Give the meaning of the following : 5

(a) Issued Capital

(b) Subscribed Capital

(c) Called-up Capital

(d) Paid-up Capital

(e) Reserve Capital

निम्नलिखित का अर्थ बताइए :

(क) निर्गमित पूँजी

(ख) अभिदान पूँजी

(ग) याचित पूँजी

(घ) प्रदत्त पूँजी

(ङ) संचित पूँजी

17. *Z* Ltd. forfeited 200 shares of ₹ 100 each, on which first call of ₹ 30 per share has not been paid and ₹ 20 per share of final call has not been made. 150 of these shares were reissued for ₹ 80 per share fully paid-up.

Pass necessary Journal Entries for recording of the forfeiture and reissue of shares. 5

Z लि० ने ₹ 100 प्रति के 200 अंशों को जब्त कर लिया जिन पर ₹ 30 प्रति अंश प्रथम याचना राशि का भुगतान नहीं हुआ और ₹ 20 प्रति अंश अन्तिम याचना राशि नहीं माँगी गई। इनमें से 150 अंशों को ₹ 80 प्रति अंश पूर्ण प्रदत्त पुनः निर्गमित कर दिया गया।

अंशों के जब्त करने एवं पुनःनिर्गमन की आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

18. Am Bee Ltd. obtained a term loan of ₹ 5,00,000 from State Bank of India on 1st April, 2017 and issued 6000, 10% debentures of ₹ 100 each as collateral security.

Pass necessary Journal Entries and prepare Balance Sheet of the company. Also show 'Notes to the Accounts'. 5

एम बी लि० 1 अप्रैल, 2017 को भारतीय स्टेट बैंक से ₹ 5,00,000 का आवधिक ऋण लिया। इसके बदले इसने ₹ 100 प्रति के 6000, 10% ऋणपत्र सह-प्रतिभूति के रूप में निर्गमित किए।

आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए तथा कम्पनी का स्थिति-विवरण तैयार कीजिए। साथ ही 'खातों के नोट्स' भी दर्शाइए।

19. Bhoomi and Apoorva are partners with capitals of ₹ 1,20,000 and ₹ 80,000 respectively. Following were the terms of their agreement :

(i) They will share profit in the ratio of their capitals

(ii) Interest is allowed on capitals @ 10% p.a.

(iii) Interest is charged on drawings @ 5% p.a.

(iv) Drawings of Bhoomi was ₹ 20,000 and Apoorva ₹ 15,000 during the year

(v) Salary to be paid to Apoorva @ ₹ 1,800 per month

Profit for the year ending 31st March, 2018 was ₹ 85,000.

Prepare Profit & Loss Appropriation A/c and Current A/cs of Bhoomi and Apoorva. 6

भूमि और अपूर्वा साझेदार हैं और उनकी पूँजी क्रमशः ₹ 1,20,000 और ₹ 80,000 है। उनके समझौते की शर्तें निम्नलिखित थी :

(i) वे लाभ को अपनी पूँजी के अनुपात में बाँटेंगी

(ii) पूँजी पर 10% वार्षिक दर से ब्याज दिया जाएगा

(iii) आहरण पर 5% वार्षिक दर से ब्याज लगाया जाएगा

(iv) वर्ष के दौरान भूमि की आहरण राशि ₹ 20,000 और अपूर्वा की ₹ 15,000 थी

(v) अपूर्वा को ₹ 1,800 प्रति माह की दर से वेतन का भुगतान किया जाएगा

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष का लाभ ₹ 85,000 था।

लाभ-हानि समायोजन खाता और भूमि तथा अपूर्वा के चालू खाते तैयार कीजिए।

20. Vee Bee Developers Ltd. issued for subscription 50000 shares of ₹ 50 each at a premium of ₹ 10 per share. The amount was payable as follows :

On Application and Allotment—₹ 40 per share (including premium)
On First and Final Call—₹ 20 per share

Applications were received for 75000 shares. Allotment was made to the applicants for 60000 shares on pro rata basis. Remaining applications were rejected and money refunded. Excess money received with share applications and allotment was adjusted toward sums due on calls.

Calls were made call money was duly received except on 1000 shares held by Ammu Kabadi who did not pay the call money. His shares were forfeited.

Pass necessary Journal Entries in the books of the company for the above transactions. 6

वी बी डेवलॉपर्स लि० ने ₹ 50 प्रति के 50000 अंशों का अभिदान हेतु ₹ 10 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमन किया। राशि का भुगतान निम्न प्रकार से किया जाना था :

आवेदन एवं आबंटन पर—₹ 40 प्रति अंश (प्रीमियम सम्मिलित)
प्रथम एवं अन्तिम याचना पर—₹ 20 प्रति अंश

75000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 60000 अंशों के आवेदकों को आनुपातिक आधार पर आबंटन किया गया। शेष आवेदनों को रद्द कर दिया गया तथा राशि लौटा दी गई। अंश आवेदनों एवं आबंटन पर प्राप्त आधिक्य राशि को याचना पर देय राशि में समायोजित कर दिया गया।

याचना राशि माँग ली गई। अम्मू कबाड़ी के 1000 अंशों को छोड़कर, जिसने याचना राशि का भुगतान नहीं किया, शेष याचना राशि यथावत् प्राप्त हो गई। उसके अंशों को जब्त कर लिया गया।

उपर्युक्त लेनदेनों के लिए कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक रोज़नामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।

21. From the following Trial Balance of M. B. & Sons as on 31st March, 2018, prepare Trading and Profit & Loss A/c for the year ended 31st March, 2018 and Balance Sheet as on that date : 10

Trial Balance of M. B. & Sons
as on 31st March, 2018

Name of A/c	*Dr. Balance* ₹	*Cr. Balance* ₹
Stock (01.04.2017)	35,000	
Purchases	80,000	
Sales		1,45,000
Capital		1,20,000
Sundry Debtors	30,000	
Freight Inward	4,000	
Office Rent	6,000	
Wages	8,000	
Salaries	10,000	
Commission Received		5,000
Bad Debts	2,000	
Plant and Machinery	60,000	
Creditors		30,000
Insurance Premium	5,000	
Office Computers	30,000	
Cash at Bank	30,000	
	3,00,000	3,00,000

Adjustments :

(i) Stock on 31st March, 2018 was valued at ₹ 52,000

(ii) Wages outstanding were ₹ 1,500

(iii) Commission received in advance was ₹ 1,000

(iv) Make Provision for Bad and Doubtful Debts @ 5% on Sundry Debtors

(v) Depreciate Plant and Machinery @ 20%

एम० बी० ऐन्ड सन्स के नीचे दिए गए 31 मार्च, 2018 के तलपट से 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए व्यापार एवं लाभ-हानि खाता बनाइए तथा उसी तिथि को स्थिति-विवरण बनाइए :

एम० बी० ऐन्ड सन्स का तलपट
31 मार्च, 2018 को

खाते का नाम	*नाम शेष* ₹	*जमा शेष* ₹
स्टॉक (01.04.2017)	35,000	
क्रय	80,000	
विक्रय		1,45,000
पूँजी		1,20,000
विभिन्न देनदार	30,000	
भाड़ा आवक	4,000	
कार्यालय किराया	6,000	
मजदूरी	8,000	
वेतन	10,000	
कमीशन प्राप्त किया		5,000
अप्राप्य ऋण	2,000	
संयन्त्र एवं मशीनरी	60,000	
लेनदार		30,000
बीमा प्रीमियम	5,000	
कार्यालय कम्प्यूटर	30,000	
बैंक में रोकड़	30,000	
	3,00,000	3,00,000

समायोजनाएँ :

(i) 31 मार्च, 2018 के स्टॉक का मूल्यांकन ₹ 52,000 किया गया

(ii) अदत्त मजदूरी ₹ 1,500 थी

(iii) ₹ 1,000 का अग्रिम कमीशन प्राप्त किया गया

(iv) विभिन्न देनदारों पर अप्राप्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए 5% की दर से प्रावधान करना है

(v) संयन्त्र एवं मशीनरी पर 20% की दर से ह्रास लगाना है

OR / अथवा

Following is the Receipts & Payments A/c of Rural Health Care Society (Regtd.) for the year ending 31st March, 2018. Prepare Income & Expenditure A/c for the year ending 31st March, 2018 and Balance Sheet as on that date : 10

Receipts & Payments A/c
for the year ending 31st March, 2018

Dr. *Cr.*

Receipts	*Amount* ₹	*Payments*	*Amount* ₹
Balance b/d	32,400	Medicines	28,000
Subscriptions	28,600	Publicity	18,000
Entrance Fees	1,500	Salary of Nursing Staff	18,000
Life Membership Fees	4,500	Honorarium of Doctors	12,000
Donations	30,000	Maintenance of Dispensary	5,000
Grant from Block Development Board	60,000	Office Expenses	4,000
		Expenses on Workshop of Volunteers	12,000
Registration Fees from Patients	3,000	Conveyance	6,000
		Mobile Van Expenses	10,000
		Expenses of Free Medical Check-up Camp	25,000
		Balance c/d	22,000
	1,60,000		1,60,000

Additional Information :

(i) On 31st March, 2017, the society had Mobile Van of ₹ 60,000, Furniture of ₹ 16,000 and Stock of Medicines of ₹ 36,000

(ii) On 31st March, 2018, Subscriptions outstanding was ₹ 2,000 and Stock of Medicines was ₹ 30,000

(iii) Depreciation is provided on Furniture and Mobile Van @ 10% and 20% respectively

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए रुरल हैल्थ केयर सोसाइटी (पंजीकृत) की प्राप्ति एवं भुगतान खाता निम्नलिखित है। 31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आय एवं व्यय खाता तथा उसी तिथि को स्थिति-विवरण तैयार कीजिए :

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए
प्राप्ति एवं भुगतान खाता

नाम *जमा*

प्राप्तियाँ	*राशि* ₹	*भुगतान*	*राशि* ₹
शेष आ० ला०	32,400	दवाइयाँ	28,000
चन्दा	28,600	प्रचार	18,000
प्रवेश शुल्क	1,500	नर्सिंग स्टाफ का वेतन	18,000
आजीवन सदस्यता शुल्क	4,500	डाक्टरों को मानदेय	12,000
दान राशि	30,000	दवाघर का रख-रखाव	5,000
ब्लॉक विकास बोर्ड से अनुदान	60,000	कार्यालय व्यय	4,000
मरीजों से पंजीकरण शुल्क	3,000	वालिन्टीयरों के लिए कार्यशाला पर व्यय	12,000
		परिवहन व्यय	6,000
		मोबाइल वैन व्यय	10,000
		मुफ्त चिकित्सा जाँच कैम्प पर व्यय	25,000
		शेष आ० ले०	22,000
	1,60,000		1,60,000

अतिरिक्त सूचनाएँ :

(i) 31 मार्च, 2017 को सोसाइटी के पास ₹ 60,000 मूल्य की मोबाइल वैन, ₹ 16,000 का फर्नीचर एवं ₹ 36,000 की दवाइयों का स्टॉक था

(ii) 31 मार्च, 2018 को अदत्त चन्दा ₹ 2,000 था तथा दवाइयों का स्टॉक ₹ 30,000 था

(iii) फर्नीचर और मोबाइल वैन पर क्रमशः 10% और 20% की दर से ह्रास लगाना है

22. Krishnan, Sukhminder and Salman are partners sharing profits and losses in the ratio of 3 : 2 : 2. Their Balance Sheet as on 31st March, 2018 was as follows :

Balance Sheet
as on 31st March, 2018

Liabilities	*Amount* ₹	*Assets*	*Amount* ₹
Sundry Creditors	65,000	Cash at Bank	25,000
Bills Payable	20,000	Sundry Debtors	50,000
Reserve Fund	35,000	Stock	55,000
Capitals :		Machinery	60,000
Krishnan	60,000	Investments	40,000
Sukhminder	40,000	Furniture	30,000
Salman	40,000		
	2,60,000		2,60,000

On the above date, Sukhminder retired and the following were agreed upon :

(i) Goodwill of the firm is valued at ₹ 35,000

(ii) Value of Furniture is to be reduced by ₹ 1,500

(iii) Stock is valued at ₹ 62,000 and investment at ₹ 44,000

(iv) Provision for Doubtful Debts to be made at 5% on Debtors

(v) Sukhminder agreed to take over investments at the revised value against the amount due

Prepare Revaluation A/c, Partners' Capital A/cs and Balance Sheet after Sukhminder's retirement. 10

कृष्णन्, सुखमिन्दर और सलमान साझेदार हैं और 3 : 2 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि का बँटवारा करते हैं। 31 मार्च, 2018 को उनका स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

31 मार्च, 2018 को
स्थिति-विवरण

देयताएँ	*राशि* ₹	*सम्पत्तियाँ*	*राशि* ₹
विभिन्न लेनदार	65,000	बैंक में शेष	25,000
देय बिल	20,000	विभिन्न देनदार	50,000
संचय कोष	35,000	स्टॉक	55,000
पूँजी :		मशीनरी	60,000
कृष्णन्	60,000	विनियोग	40,000
सुखमिन्दर	40,000	फर्नीचर	30,000
सलमान	40,000		
	2,60,000		2,60,000

उपर्युक्त तिथि को सुखमिन्दर ने अवकाश ग्रहण किया तथा निम्न पर सहमति हुई :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹ 35,000 किया गया

(ii) फर्नीचर के मूल्य को ₹ 1,500 से कम आँका जाएगा

(iii) स्टॉक का मूल्यांकन ₹ 62,000 तथा विनियोग का ₹ 44,000 किया गया

(iv) देनदारों पर 5% का संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान किया जाएगा

(v) सुखमिन्दर ने अपनी देय राशि के बदले में विनियोग संशोधित मूल्य पर लेने को सहमत हो गया

पुनर्मूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा सुखमिन्दर के अवकाश ग्रहण के पश्चात् की स्थिति-विवरण बनाइए।

OR / अथवा

Farida and Sunny are partners sharing profits in the proportion of $\frac{3}{5}$ and $\frac{2}{5}$ respectively. They decided to dissolve the partnership firm on 31st March, 2018 when the Balance Sheet of the firm stood as follows :

Balance Sheet of Farida and Sunny
as on 31st March, 2018

Liabilities	*Amount* ₹	*Assets*		*Amount* ₹
Sundry Creditors	40,000	Bank		38,000
Bills Payable	30,000	Sundry Debtors	52,000	
Sunny's Brother's Loan	50,000	*Less* : Provision for Bad Debts	2,000	50,000
Capitals :		Stock		40,000
Farida	1,00,000	Investments		45,000
Sunny	80,000	Machinery		50,000
General Reserve	25,000	Land and Building		80,000
		Profit & Loss A/c		22,000
	3,25,000			3,25,000

On that date, they decided to dissolve the firm. The realization of assets and settlement of liabilities was as follows :

(i)

	₹
Sundry Debtors	40,000
Stock	45,000
Machinery	46,000
Land and Building	92,000

(ii) Sundry Creditors were settled at a discount of 10% and Bills Payable at a discount of 5%

(iii) Investments were taken over by Sunny at an agreed value of ₹ 48,000. She also agreed to pay off her brother's loan

(iv) A contingent liability amounting to ₹ 2,000 not shown in the books are also to be paid

(v) An Office Computer not shown in the books realized ₹ 9,000

(vi) Realization Expenses were ₹ 3,000

Prepare Realization A/c, Partners' Capital A/cs and Bank A/c. 10

फरीदा एवं सन्नी साझेदार हैं और लाभ-हानि को क्रमशः $\frac{3}{5}$ और $\frac{2}{5}$ भाग में बाँटती हैं। 31 मार्च, 2018 को उन्होंने अपनी फर्म के समापन का निर्णय लिया। उस तिथि को उनका स्थिति-विवरण निम्नलिखित था :

फरीदा और सन्नी का स्थिति-विवरण
31 मार्च, 2018 को

देयताएँ	*राशि* ₹	*सम्पत्तियाँ*		*राशि* ₹
विभिन्न लेनदार	40,000	बैंक		38,000
देय विपत्र	30,000	विभिन्न देनदार	52,000	
सन्नी के भाई का ऋण	50,000	*घटा* : अप्राप्य ऋणों के लिए प्रावधान	2,000	50,000
पूँजी :		स्टॉक		40,000
फरीदा	1,00,000	विनियोग		45,000
सन्नी	80,000	मशीनरी		50,000
सामान्य संचय	25,000	भूमि एवं भवन		80,000
		लाभ-हानि खाता		22,000
	3,25,000			3,25,000

सम्पत्तियों से वसूली और देयताओं का निपटान निम्नलिखित रूप से था :

(i)

	₹
विभिन्न देनदार	40,000
स्टॉक	45,000
मशीनरी	46,000
भूमि एवं भवन	92,000

(ii) विभिन्न लेनदारों का निपटान 10% बट्टे पर तथा देय विपत्रों का भुगतान 5% बट्टे पर किया गया

(iii) सन्नी विनियोगों को ₹ 48,000 के तय मूल्य पर लेने तथा अपने भाई के ऋण को चुकता करने के लिए सहमत हो गई

(iv) ₹ 2,000 की एक आकस्मिक देयता का भी भुगतान करना था, जिसे पुस्तकों में नहीं दिखाया गया था

(v) एक कार्यालय कम्प्यूटर से, जिसे पुस्तकों में नहीं दिखाया गया था, ₹ 9,000 की वसूली हुई

(vi) वसूली व्यय—₹ 3,000 था

वसूली खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा बैंक खाता बनाइए।

SECTION–B

खण्ड–ब

OPTION–I

विकल्प–I

(Analysis of Financial Statements)

(वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

23. Name the *two* ratios that serve the purpose of determining the long-term solvency of the business firm. 1

व्यावसायिक फर्म की दीर्घकालीन शोधन क्षमता के निर्धारण के उद्देश्य की पूर्ति करने वाले **दो** अनुपातों के नाम बताइए।

24. State any *three* limitations of Cash Flow Statement. 3

'रोकड़-प्रवाह विवरण' की किन्हीं **तीन** सीमाओं का उल्लेख कीजिए।

25. From the following Balance Sheets of Pranaya Motors Ltd. as on 31st March, 2017 and 31st March, 2018, prepare common-size Balance Sheet : 5

Balance Sheets of Pranaya Motors Ltd.

Particulars	*Note No.*	*31.03.2017* ₹	*31.03.2018* ₹
I. *Equity and Liabilities*			
1. Shareholders' Funds :			
(a) Share Capital		6,00,000	7,50,000
(b) Reserve and Surplus		80,000	1,00,000
2. Non-Current Liabilities :			
Long-term Loans		2,80,000	3,00,000
3. Current Liabilities :			
Trade Payables		40,000	50,000
Total		10,00,000	12,00,000

Particulars	*Note No.*	*31.03.2017* ₹	*31.03.2018* ₹
II. *Assets*			
1. Non-Current Assets :			
Fixed Assets—Tangible Assets		8,00,000	10,00,000
2. Current Assets :			
(a) Inventories		80,000	70,000
(b) Cash and Cash Equivalents		1,20,000	1,30,000
Total		10,00,000	12,00,000

प्रणया मोटर्स लि० के 31 मार्च, 2017 और 31 मार्च, 2018 को दिए गए स्थिति-विवरणों से समान-आकार स्थिति-विवरण बनाइए :

प्रणया मोटर्स लि० का स्थिति-विवरण

विवरण	*नोट संख्या*	*31.03.2017* ₹	*31.03.2018* ₹
I. *समता एवं देयताएँ*			
1. अंशधारकों का कोष :			
(क) अंश पूँजी		6,00,000	7,50,000
(ख) संचय एवं आधिक्य		80,000	1,00,000
2. गैर-चालू देयताएँ :			
दीर्घकालीन ऋण		2,80,000	3,00,000
3. चालू देयताएँ :			
व्यापार देय		40,000	50,000
कुल योग		10,00,000	12,00,000
II. *सम्पत्तियाँ*			
1. गैर-चालू सम्पत्तियाँ :			
स्थायी सम्पत्तियाँ—मूर्त सम्पत्तियाँ		8,00,000	10,00,000
2. चालू सम्पत्तियाँ :			
(क) रहतिया		80,000	70,000
(ख) रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य		1,20,000	1,30,000
कुल योग		10,00,000	12,00,000

26. From the following information, calculate Cash Flow from Operating Activities : 5

	₹
Net Profit as per statement of Profit and Loss for the year ended 31.03.2018	1,50,000
Transfer to Reserve Fund	50,000
Depreciation written off	45,000
Dividend paid	50,000

The balances of the Current Assets and Current Liabilities as per Balance Sheets as on 31st March, 2017 and on 31st March, 2018 were as follows :

Particulars	*31.03.2017* ₹	*31.03.2018* ₹
Cash and Cash Equivalents	1,40,000	1,60,000
Trade Receivables	60,000	75,000
Inventories	80,000	60,000
Accounts Payable	70,000	55,000

निम्न सूचना से प्रचालन क्रियाओं द्वारा रोकड़-प्रवाह की गणना कीजिए :

	₹
31.03.2018 को समाप्त लाभ-हानि विवरण के अनुसार शुद्धलाभ	1,50,000
संचय कोष में हस्तान्तरण	50,000
अपलिखित अवक्षयण	45,000
लाभांश का भुगतान	50,000

31 मार्च, 2017 एवं 31 मार्च, 2018 को स्थिति-विवरणों के अनुसार चालू सम्पत्तियाँ और चालू देयताएँ निम्नलिखित हैं :

विवरण	*31.03.2017* ₹	*31.03.2018* ₹
रोकड़ एवं रोकड़ तुल्य	1,40,000	1,60,000
व्यापार प्राप्य	60,000	75,000
रहतिया	80,000	60,000
व्यापार देय	70,000	55,000

27. From the following information, calculate *(a)* current ratio, *(b)* inventory turnover ratio and *(c)* working capital turnover ratio : 6

	₹
Cash	35,000
Sundry Debtors	60,000
Inventory	30,000
Sundry Creditors	45,000
Bills Payable	25,000
Revenue from Operations	3,00,000
Gross Profit 25% of Revenue from operations	

निम्नलिखित सूचना से (क) चालू अनुपात, (ख) रहतिया आवर्त अनुपात तथा (ग) कार्यशील पूँजी आवर्त अनुपात को ज्ञात कीजिए :

	₹
रोकड़	35,000
विभिन्न देनदार	60,000
रहतिया	30,000
विभिन्न लेनदार	45,000
देय विपत्र	25,000
प्रचालन से आगम	3,00,000
सकल लाभ प्रचालन से आगम का 25%	

OPTION–II

विकल्प–II

(Application of Computers in Financial Accounting)

(कम्प्यूटर का वित्तीय लेखांकन में उपयोग)

23. What is a 'formula'? 1

'सूत्र' का क्या अर्थ है?

24. State the steps to select the chart element from a list of chart elements. 3

संचित्र अवयवों की सूची में से संचित्र अवयव चुनने के विभिन्न चरणों का उल्लेख कीजिए।

25. How is a header created? Give the steps. 5

हेडर कैसे बनाया जाता है? विभिन्न चरणों का उल्लेख कीजिए।

26. What is a work sheet? Name and explain any *two* work sheet operations associated with the spreadsheet. 5

वर्क शीट क्या होती है? स्प्रैड-शीट से सम्बन्धित वर्क शीट के किन्हीं **दो** प्रचालनों के नाम दीजिए और उन्हें समझाइए।

27. Basic pay is the basic component of payroll accounting. But then there are other earnings also. Explain them in brief. 6

पेरोल लेखांकन का मूल वेतन, मूल अवयव है। लेकिन इसके अतिरिक्त कुछ अन्य अर्जनाएँ भी हैं, उनको संक्षेप में समझाइए।

★ ★ ★